गैरसैंण, गुरूवार
26 फरवरी 2026
वर्षः 17
अंकः 272 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### आंधी–तूफान से घंटों गुल रही बिजली

चमोली। मगंलवार देर शाम को आंधी–तूफान से पिंडर घाटी के नारायणबगड़, थराली और देवाल में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली करीब 15 घंटे बाद बुधवार सुबह बहाल हो पाई। बिजली गुल रहने से बोर्ड परीक्षार्थियों और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बीते मंगलवार रात को आंधी–तूफान और बारिश के कारण नारायणबगड़, थराली और देवाल ब्लॉक की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि ऊर्जा निगम ने बुधवार सुबह साढ़े दस बजे करीब 15 घंटे बाद बिजली आपूर्ति तो सुचारु की लेकिन रातभर बिजली गुल रहने से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र–छात्राओं को समस्या का सामना करना पड़ा। छात्रा मनीषा, पूजा और छात्र मोहित ने बताया कि रात भर बिजली गुल रहने से पढ़ाई में भी व्यवधान रहा। वहीं ऊर्जा निगम के एसडीओ अतुल कुमार ने बताया कि नारायणबगड़–नलगांव के बीच 33 केवी की हाईटेंशन लाइन में दो जगह फॉल्ट आने से बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बिजली सप्लाई बहाल कर दी।

**बारिश से केवर, भगोती के जंगलों में लगी आग बुझी**

नारायणबगड़। विकासखंड के केवर–भगोती के जंगल में सोमवार रात से लगी आग मगंलवार रात को बारिश होने से बुझ गई। ऐसे में वन संपदा को अत्यधिक नुकसान नहीं हुआ है। आग बुझने से वन कर्मियों और ग्रामीणों को राहत मिल गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

चमोली। कोतवाली गोपेश्वर में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जिला कारागार पुरसाड़ी भेज दिया गया। मंगलवार को एक व्यक्ति ने गोपेश्वर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि 23 फरवरी की रात को कुंड कालोनी गोपेश्वर निवासी गौरव सेंजवाल (23) उनकी नाबालिग बेटी (15) को बहला–फुसलाकर ले गया। आरोपी ने जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता को यह बात किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया। एसपी सुरजीत सिंह पंवार ने प्रभारी निरीक्षक गोपेश्वर को आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक गोपेश्वर नरेश राठौड़ ने बताया कि टीम ने आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जिला कारागार पुरसाड़ी भेज दिया गया है।

### जंगली जानवर से बाइक टकराई, सिडकुल कर्मी की मौत

रुद्रपुर। सिडकुल की एक कंपनी में बुधवार को ड्यूटी के लिए जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की बाइक बसगर रोड पर जंगली जानवर से टकरा गई थी। जानकारी के अनुसार, बुधवार तड़के बरा क्षेत्र के आंबेडकर नगर, फिरोजपुर निवासी 28 वर्षीय रवि कुमार पुत्र स्व. श्रवण कुमार बाइक से सिडकुल स्थित कंपनी में ड्यूटी के लिए जा रहे थे।

शक्तिफार्म के पास बसगर रोड पर अचानक एक जंगली जानवर सड़क पर आ गया, जिससे उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### साध्वी पूर्णमति का त्यागमय जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है : स्वामी रामदेव

हरिद्वार। जैन धर्म की प्रख्यात साध्वी आर्यिका रत्न पूर्णमति माता के हरिद्वार आगमन पर विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। जूर्स कंट्री में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवनभर जिन वस्तुओं को एकत्र करता है, वे अंततः निरर्थक सिद्ध होती हैं।

व्यक्ति के साथ केवल उसके कर्म ही जाते हैं, इसलिए कर्मों को सुधारने और आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। हरिद्वार पहुंचने पर पतंजलि योगपीठ में योगगुरु स्वामी रामदेव और पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने उनका स्वागत किया।

# उत्तराखंड कैबिनेट ने लगाई कई बड़े फैसलों पर मुहर

—उच्च शिक्षा शोध योजना का विस्तार, ई—पुस्तकालय को मंजूरी
—सेब नर्सरी विकास, मौन पालन नीति 2026 को हरी झंडी
—समान नागरिक संहिता संशोधन विधेयक, 3 फास्ट ट्रैक कोर्ट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज मंगलवार को सचिवालय में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य के आगामी बजट को लेकर भी चर्चा हुई। पिछली बार के मुकाबले इस बार बजट में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी को हरी झंडी दी गई। इस बार बजट एक लाख 10 हजार करोड़ के आसपास रहने की संभावना है। हालांकि बजट के आकार में संशोधन के लिए कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ने अधिकृत किया है। विधानसभा का बजट सत्र आहूत होने के चलते कैबिनेट के निर्णयों की ब्रीफिंग नहीं हुई।

**कैबिनेट के निर्णयः**


वर्ष 2023 में स्थापित यूआईआईडीबी के कार्य संचालन हेतु तात्कालिक न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर शासनादेश दिनांक 18.07.2024 द्वारा कुल 13 पदों का सृजन किया गया था। जिनमें से अधिकांश पद आउटसोर्स व खुले बाजार से विशेषज्ञ प्रकृति के थे। वर्तमान में यू.आई.आई डी.बी द्वारा हरिद्वार व ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर एवं शारदा रिवर फन्ट परियोजना के अन्तर्गत अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा इसके साथ डाकपत्थर मास्टर प्लान, अध्यात्मिक–आर्थिक क्षेत्र के रूप में श्रीनगर स्थित बेलकण्डी–बेलकेदार क्षेत्र का विकास कार्य एवं कतिपय विभागों द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में पी.पी.पी. मोड मे उन विभागों की परिसम्पत्तियों के मुद्रीकरण का कार्य भी किया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों और मूल्यों के अनुरूप उच्च शिक्षण संस्थानों (राजकीय महाविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों) में शोध/अन्वेषण एवं नवाचार के वातावरण का सृजन करते हुए उत्कृष्ट शिक्षा और शोध के केन्द्र के रूप में संस्थाओं को विकसित करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना" संचालित की जा रही है। वर्तमान में उक्त योजना, राजकीय महाविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालय परिसरों में कार्यरत प्राध्यापकों एवं अध्ययनरत नियमित छात्रों पर ही लागू है। उक्त योजना में 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों, जहाँ नियमित प्राचार्य नियुक्त हैं, को योजना में सम्मिलित किये जाने का निर्णय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया है।

उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत "स्वामी विवेकानन्द उत्तराखंड ई–पुस्तकालय योजना' संचालित किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट ने दिया अनुमोदन। स्वामी विवेकानन्द उत्तराखंड ई–पुस्तकालय योजना विभागान्तर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों तथा अन्य इच्छुक विभागों / सस्थानों के लिए लागू होगी। योजनान्तर्गत ई–बी.एन.एम.आर. (ई–बुक्स, न्यूजपेपर्स, मैगजीन, रिपोर्टस) रीडिंग मैटेरियल के साथ शोध जर्नल्स की भी सुविधा प्रदान की जाएगी।0पाठ्य सामग्रियों को डिजिटल मोड में परपिचुअल ओनरशिप मॉडल अथवा सब्सक्रिशन मॉडल में लिया जा सकता है। साथ ही ई–पुस्तकालय योजना हेतु छात्रों (शासकीय/अशासकीय अनुदानित/निजी उच्च शिक्षण संस्थान) से भी एक निश्चित शुल्क लिया जाएगा जो कि पारम्परिक पाठ्यक्रमों (बी०ए०/ बी०एस०सी०/ बी०कॉम०) के लिए 100/– ( सौ मात्र), सेमी प्रोफेशनल कोर्स (बी०एड०/लॉ) के लिए 250/– ( ढ़ाई सौ मात्र) तथा प्रोफेशनल कोर्स (इंजिनियरिंग / मेडिकल / एग्रीकल्चर) के लिए 500/– ( पांच सौ मात्र) देय होगा।"उत्तराखंड वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली, 2010" एवं "उत्तराखंड (उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदो पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली, 2008" में सीधी भर्ती के 'समूह–ग' के पदों पर चयन/भर्ती प्रक्रिया में भिन्नता / विसंगति के निराकरण हेतु उत्तराखंड वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली, 2010 के नियम–15 भर्ती प्रक्रिया के बिन्दु संख्या–4 (क) एवं बिन्दु 4 (दो) (क) एवं नियम–18 (2) में संशोधन करते हुए उत्तराखंड वन विभाग सर्वेक्षक सेवा (संशोधन) नियमावली, 2026 प्रख्यापित किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय।

शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत भारत सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं के सफल संचालन एवं कियान्वयन किये जाने, निर्धारित मानकों के अनुसार निकायों द्वारा लक्ष्य प्राप्ति किये जाने, ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन का पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सतत् व स्थाई निस्तारण किये जाने तथा भारत सरकार की विशेष सहायता योजनान्तर्गत शहरी विकास विभाग में प्रशासनिक सुधारों के अन्तर्गत राज्य के समस्त 11 नगर निगमों में पर्यावरण अभियन्ता (संविदा के आधार पर नियत मानदेय 80,000–1,30,000/–) के 1–1 पद, कुल 11 पद सृजित किये जाने के संबंध में मंत्रिमंडल ने दिया अनुमोदन।सेब की अत्याधुनिक नर्सरी विकास योजना 2026 के प्रख्यापन के संबंध में कैबिनेट में लिया निर्णय। राज्य में "सेब की अत्याधुनिक नर्सरी विकास योजना–2026" के अन्तर्गत उच्च गुणवत्ता वाले सेब रोपण सामग्री का उत्पादन बढाना, राज्य में उच्च घनत्व वाली सेब नर्सरियों की स्थापना को प्रोत्साहित करना, उच्च गुणवत्ता वाले नर्सरी डेवलपर्स को आकर्षित करना, राज्य में औद्यानिक क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना, अन्य राज्यों / देशों से आयात पर निर्भरता कम करना, विदेशी कीटों / रोगों के संक्रमण के जोखिम को कम करना तथा स्थानीय स्तर पर (विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में) रोजगार के अवसर पैदा करना है। उच्च घनत्व वाली सेब नर्सरी की स्थापना हेतु 10.00 एकड़ तक आवेदन करने वाले आवेदकों को 50 प्रतिशत की राज सहायता एवं 10.00 एकड़ से ऊपर तक आवेदन करने वाले आवेदकों को 40 प्रतिशत की राज सहायता प्रदान की जायेगी।मौन पालन नीतिझ2026ह के प्रख्यापन के संबंध में कैबिनेट ने लिया निर्णय।

## दो दिन के आधिकारिक दौरे पर जापान पहुंचे सीएम योगी, टोक्यो में जोरदार स्वागत



टोक्यो/लखनऊ, सिंगापुर दौरे के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को जापान पहुंचे, जहां टोक्यो में उनका भव्य स्वागत किया गया। उपराज्यपाल जुनिची इशिदेरा और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने सीएम योगी का अभिनंदन किया। दो देशों की यात्रा के अंतर्गत यह यात्रा मुख्यमंत्री की जापान की पहली यात्रा है, जो भारत और जापान के बीच बढ़ते रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाती एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीएम योगी का दो दिन का ये आधिकारिक दौरा है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी कि उगते सूरज की नवोन्मेषी भूमि को प्रभु श्री राम की पावन धरा के आदित्य का नमस्कार। एक और पोस्ट में सीएम ने कहा कि आज टोक्यो में मित्सुई एंड कंपनी के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बिजनेस यूनिट के प्रबंध अधिकारी और मुख्य परिचालन अधिकारी काजुकी शिमिजु और उनकी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के साथ एक सार्थक और दूरदर्शी बैठक हुई। उन्होंने आगे कहा कि हमने मित्सुई एंड कंपनी को उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर क्षेत्रों में परिवर्तनकारी निवेश के लिए आमंत्रित किया, जो राज्य के तीव्र औद्योगिक विस्तार के अनुरूप हैं। उत्तर प्रदेश के विकास गलियारों को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति शृंखला एकीकरण के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और औद्योगिक निवेश में सहयोग पर भी चर्चा हुई। सीएम योगी ने एक और एक्स पोस्ट में कहा कि आज टोक्यो में कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंध कार्यकारी अधिकारी, कार्यकारी महाप्रबंधक, बिक्री प्रबंधन प्रभाग/घरेलू व्यवसाय प्रभारी शिगेकी तानाबे और उनकी टीम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग और मल्टीमॉडल परिवहन अवसंरचना के माध्यम से कोनोइके की उपस्थिति बढ़ाने पर चर्चा की गई। कंपनी को समर्पित माल ढुलाई कॉरिडोर नेटवर्क और येइडा स्थित मेडिकल डिवाइसेस पार्क का लाभ उठाते हुए चिकित्सा उपकरण निर्माण के क्षेत्र में अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया गया,

### आश्वासन पर नहीं माने ग्रामीण, अफसरों को गांव बुलाने की जिद पर अड़े

नई टिहरी। सड़क मरम्मत, पुल निर्माण शुरू करने, मोबाइल टावर स्थापित करने की मांग को लेकर सीमांत गेंवाली गांव के पूर्व प्रधान बचन सिंह रावत छठवें दिन भी भूख हड़ताल पर डटे रहे। उनके समर्थन में गांव की महिलाएं और अन्य लोग क्रमिक अनशन पर बैठे रहे। ग्रामीणों से वार्ता के लिए हथकरघा और हस्तशिल्प विकास परिषद के उपाध्यक्ष वीरेंद्र दत्त सेमवाल व दर्शन लाल आर्य गेंवाली गांव पहुंचे। उन्होंने आंदोलनरत ग्रामीणों से जिला प्रशासन से वार्ता कर जल्द समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिया लेकिन ग्रामीण नहीं माने। आंदोलनरत लोगों ने कहा कि जब तब संबंधित विभागीय अधिकारी स्वयं गांव में आकर लंबित समस्याओं का समाधान नहीं करते तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। कहा पहले भी उन्हें अधिकारियों ने आश्वासन दिया लेकिन धरातल पर कोई भी कार्य नहीं हुआ। आपदा प्रभावित 12 परिवारों का पुनर्वास, क्षतिग्रस्त जूनियर हाईस्कूल भवन का निर्माण शुरू करने सहित सात सूत्री मांग को लेकर ग्रामीण 20 फरवरी से आंदोलनरत है।

## पोखरण में अग्नि वर्षा : भारतीय सेना ने मरुस्थल में दिखाया समेकित युद्ध क्षमता का दम



जोधपुर/पोखरण ,भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास अग्नि वर्षा का सफल आयोजन किया। थार के रेगिस्तान में आयोजित इस युद्धाभ्यास ने न केवल सेना की परिचालन तत्परता को साबित किया, बल्कि यह भी दिखाया कि आधुनिक तकनीक के समावेशन से भारतीय सेना कितनी अधिक नेटवर्क–सक्षम और निर्णायक हो चुकी है।

**युद्धक्षेत्र की नई तकनीक का प्रदर्शन**

अभ्यास अग्नि वर्षा केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं था, बल्कि इसमें भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया गयाः नेटवर्क–सक्षम प्रणालियाँः कमांड और कंट्रोल के लिए अत्याधुनिक नेटवर्क प्रणालियों का उपयोग किया गया।

ड्रोन और काउंटर–ड्रोनः मानवरहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन हमलों को नाकाम करने वाले काउंटर–ड्रोन उपायों का सजीव प्रदर्शन।

सटीक मारक क्षमताः लंबी दूरी के सटीक रॉकेट और आधुनिक तोपखाना प्लेटफॉर्म ने अपनी मारक क्षमता का लोहा मनवाया। प्रमुख हथियार प्रणालियाँ और मारक क्षमताइस समेकित मैन्युवर अभ्यास में जमीन से लेकर आसमान तक भारतीय सेना के सबसे घातक हथियारों का समन्वय देखा गयाः

तोपखाना के–9 वज्र स्व–चालित होवित्जर, शारंग, बोफोर्स और विभिन्न रॉकेट प्लेटफॉर्म।

वायु शक्ति : स्वदेशी वेपन सिस्टम इंटीग्रेटेड हेलीकॉप्टर और अमेरिकी मूल के अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर।

**वैश्विक स्तर पर पहचान**

भारतीय सेना की इस बढ़ती ताकत को देखने के लिए 25 देशों के रक्षा पत्रकार और विशेषज्ञ पोखरण पहुँचे। उन्होंने रेगिस्तानी परिस्थितियों में सेना के संयुक्त हथियार संरचनाओं की गति, सटीकता और आपसी समन्वय को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जो आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी तकनीक की सफलता को दर्शाता है।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम**

यह अभ्यास भारतीय सेना की प्रौद्योगिकी समावेशन और क्षमता विकास की निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है।

## काजोल के पक्ष में दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, एआई और डीपफेक पर लगाई रोक



नई दिल्ली ,दिल्ली हाई कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल के पक्ष में एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने काजोल के नाम, तस्वीर, आवाज और उनकी पूरी पहचान के गलत इस्तेमाल पर तुरंत रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक और सोशल मीडिया के जरिए मशहूर हस्तियों की पहचान का दुरुपयोग तेजी से बढ़ता जा रहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा है कि बिना अनुमति किसी की पहचान का इस्तेमाल करना गैरकानूनी है। यह व्यक्ति की गरिमा पर सीधा हमला है। यह आदेश दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच की जस्टिस ज्योति सिंह ने सुनाया।

इस मामले में काजोल ने कई वेबसाइट्स, ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज, एआई चैटबॉट साइट्स और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। इन अज्ञात लोगों को कानूनी भाषा में जॉन डो कहा जाता है, जिनकी पहचान अभी सामने नहीं आई है, लेकिन जो ऑनलाइन गलत गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं।

काजोल की याचिका में आरोप लगाया गया कि बड़ी संख्या में उनकी तस्वीरों और नाम का इस्तेमाल करके ऑनलाइन मर्चेंडाइज बेचे जा रहे हैं। इसके अलावा, एआई की मदद से उनकी नकली तस्वीरें बनाई जा रही थीं। कुछ वेबसाइट्स पर उनकी पहचान का इस्तेमाल करते हुए अश्लील एआई चैटबॉट चलाए जा रहे थे।

दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि काजोल भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी–मानी और सम्मानित अभिनेत्री हैं, जिनका करियर लगभग चार दशकों का रहा है। उन्हें पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उनकी पहचान एक मजबूत ब्रांड है, जिसे उन्होंने सालों की मेहनत से बनाया है। इस पहचान का बिना अनुमति इस्तेमाल करना कानून के खिलाफ है और ऐसे मामलों में अदालत का हस्तक्षेप जरूरी है, ताकि किसी भी तरह का गलत फायदा उठाने से रोका जा सके।

कोर्ट ने कहा कि जो वेबसाइट्स और ऑनलाइन मार्केटप्लेस काजोल के नाम और तस्वीर वाले सामान बेच रहे थे, अगर ऐसा सामान घटिया क्वालिटी का हुआ, तो इससे काजोल की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

जज ज्योति सिंह ने अपने आदेश में कहा, सभी दस्तावेज और शिकायत को देखने के बाद यह साफ है कि काजोल का मामला मजबूत है। अगर तुरंत रोक नहीं लगाई जाती, तो उन्हें नुकसान हो सकता था, जिसकी भरपाई बाद में संभव नहीं है।

### किशोरी ने नदी में लगाई छलांग, तलाश जारी

श्रीनगर गढ़वाल : घर से नाराज होकर निकली किशोरी ने अलकनंदा नदी और टोडेश्वर पुल के पास नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे देखा, लेकिन काफी दूरी होने के कारण कोई उसे बचाने नहीं पहुंच सका। सूचना पर थाना बाह बाजार पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और छात्रा की तलाश शुरू की। थाना प्रभारी बाह (देवप्रयाग) अमरजीत सिंह रावत ने बताया कि किशोरी की तलाश में देवप्रयाग पहुंचे परिजनों ने बताया कि हिंडोलाखाल के किमखोला गांव की निशा (17) पुत्री दिनेश लाल किसी बात पर गुस्सा होकर घर से निकल गई थी। वह जीआईसी महडजाली में 12वीं छात्रा थी और गांव से करीब छः किमी. पैदल चलकर देवप्रयाग पहुंची थी। (एजेंसी)

**उत्तराखंड सरकार की नई एसओपी:**

## कार्मिकों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाया

देहरादून। शिक्षा निदेशालय में निदेशक के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद शासन ने कार्मिकों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाया है। इसके लिए राजकीय कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों की सुरक्षा, बचाव एवं प्रवेश नियंत्रण को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई गई है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि ड्यूटी पर तैनात किसी भी कार्मिक के साथ धक्का–मुक्की, मारपीट या गाली–गलौच करना दंडनीय अपराध होगा।

ऐसा करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी साथ ही उन्हें परिसर से तुरंत निष्कासित करते हुए ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। गृह विभाग उचित समझने पर जोखिम वाले कार्यालयों का वार्षिक सुरक्षा आडिट भी कराएगा। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की ओर से जारी एसओपी में स्पष्ट किया गया कि सचिवालय व विधानसभा समेत अन्य ऐसे राजकीय कार्यालय, जहां पूर्व से सुरक्षा की व्यवस्था विद्यमान है, वहां यह एसओपी लागू नहीं होगी। नई एसओपी के दायरे में आमजन, निजी ठेकेदार, जन प्रतिनिधियों, उनके समर्थकों सहित सभी आगंतुक आएंगे। एसओपी के अनुसार कार्यालय परिसर में आमजन के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

वीआइपी अथवा दिव्यांगजन के वाहनों को अंडर–व्हीकल मिरर द्वारा सघन जांच के बाद ही प्रवेश अनुमन्य किया जाएगा। सभी कार्यालयों में डिजिटल आगंतुक प्रबंधन प्रणाली (वीएमएस) लागू की जाएगी।

## इजरायल में पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम

### नेतन्याहू ने ड्रेस से जोड़ा बेहद खास कनेक्शन



नई दिल्ली , इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू सपत्नी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने पहुंचे। इस दौरान एक पल ऐसा भी आया जिसने पीएम मोदी को खिलखिलाकर हंसने पर मजबूर कर दिया। विमान से उतरते ही पीएम नेतन्याहू ने बाहें फैलाकर अपने मित्र पीएम मोदी का स्वागत किया। दोनों ने हाथ मिलाया और इस दौरान भारत के प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए इजरायली पीएम ने अंग्रेजी में कहा कि आप ग्रेट लीडर हैं और बहुत अच्छे लग रहे हैं। दोनों मित्र गले मिले फिर नेतन्याहू ने अपनी पत्नी सारा से पीएम मोदी का परिचय कराया। मिसेज नेतन्याहू ने भगवा (सैफरन) रंग का फॉर्मल सूट पहन रखा था। यहीं पर पीएम नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी के पॉकेट स्क्वायर (जैकेट की जेब में रखे रुमाल) की ओर इशारा कर कहा, ये उससे मैच कर रहा है।

इसके बाद दोनों पीएम और वहां मौजूद सारा ठहाके लगाकर हंस पड़े। माहौल खुशनुमा और हंसी से गुलजार हो गया।

बेंजामिन नेतन्याहू ने एक्स पोस्ट पर स्वागत का क्लिप साझा कर दिल की बात कम शब्दों में कही। उन्होंने लिखा– मैं अपने मित्र नरेंद्र मोदी का इजरायल में स्वागत करता हूं। बता दें, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर इजरायल पहुंचे हैं। बेन गुरियन हवाई अड्डे पर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ उनका स्वागत किया।

### जापान की रणनीति : 2031 तक ताइवान के निकट द्वीप को बनाएगा मिसाइल बेस

टोक्यो , जापानी रक्षा मंत्री ने कहा है कि उनका देश पांच साल के अंदर ताइवान के पास एक छोटे से द्वीप पर मिसाइलें तैनात कर देगा। इस कदम से चीन के साथ तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। जापानी न्यूज एजेंसी क्योदो ने बताया कि शिंजिरो कोइज़ुमी ने कहा कि जमीन–से–हवा में वार करने वाली मिसाइलें, जो एयरक्राफ्ट और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम हैं, मार्च 2031 तक योनागुनी (जापान के सबसे पश्चिमी आइलैंड) पर तैनात कर दी जाएंगी। कोइज़ुमी ने रिपोर्टर्स से कहा, यह कार्य की प्रगति पर निर्भर करता है, लेकिन हम साल 2030 के लिए योजना बना रहे हैं, और उन्होंने पहली बार तैनाती के शेड्यूल पर विस्तृत जानकारी दी।

## देश में न सिर्फ हथियार और सैन्य उपकरण बनें, बल्कि निर्यात भी किए जाएं : राजनाथ



नई दिल्ली ,केंद्र सरकार का स्पष्ट मानना है कि भारत का अपना रक्षा उद्योग और मजबूत होना चाहिए। जरूरत से ज्यादा हथियार और सैन्य उपकरण देश में ही बनें। यही नहीं, सैन्य उपकरण व हथियार दूसरे देशों को निर्यात भी किए जाएं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के नए अधिकारियों से मुलाकात में कहा कि यह सब 'आत्मनिर्भर भारतझ् के तहत किया जा रहा है। रक्षा मंत्री बुधवार को साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में आईएफएस–2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात कर रहे थे, जहां उन्होंने उनसे खुलकर बातचीत की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि भारत का स्वदेशी रक्षा उद्योग इतना मजबूत बने कि देश की जरूरतें भी यहीं पूरी हों और दुनिया के दूसरे देशों को भी भारतीय रक्षा उपकरण निर्यात किए जाएं। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक समय था जब भारत दुनिया के बड़े रक्षा आयातकों में गिना जाता था। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। सरकार ने नई तकनीकों को अपनाने, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र को साथ लेकर चलने और स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। आज भारत जमीन, समुद्र, आकाश और अंतरिक्ष जैसे सभी क्षेत्रों में अपने प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है। कई देशों को भारत से रक्षा उपकरण मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव रातों–रात नहीं आया, बल्कि लगातार नीति सुधार और तकनीकी विकास का नतीजा है। राजनाथ सिंह ने प्रशिक्षु अधिकारियों को समझाया कि विदेशों में तैनात भारतीय राजनयिक सिर्फ राजनीतिक या आर्थिक संबंध नहीं संभालते, बल्कि रक्षा सहयोग और निर्यात के रास्ते भी खोलते हैं।

## सम्पादकीय

# आपराधिक प्रकरणों में जनप्रतिनिधि

किसी भी राज्य के लिए वहां की सामाजिकएवं सुरक्षा व्यवस्था उस प्रदेश के शासकीय नियंत्रण पर निर्भर करती है। खासतौर से जनता के चुने हुए प्रतिनिधि जहां एक आदर्श बनकर अच्छे समाज की दिशा तय करते हैं तो वहीं कभी–कभी जनप्रतिनिधियों का व्यवहार न केवल सरकार बल्कि संबंधित राजनीतिक दल को भी शर्मसार कर देता है। उत्तराखंड में ऐसे तमाम प्रकरण प्रकाश में आते रहे हैं जिनमें सत्ता से जुड़े मंत्रियों और विधायकों ने सड़कों पर मारपीट की या फिर आम लोगों को अपने पद की हनक दिखाते हुए गाली गलौज करते हुए धमकाया गया। अभी हाल ही में शिक्षा विभाग के एक बड़े अधिकारी का मामला काफी तूल पकड़ चुका है जिसके के बाद पूरा शिक्षा विभाग लाभ बंद होने की तैयारी कर चुका था लेकिन ऐन वक्त पर सरकार और संगठन के दबाव के कारण भाजपा विधायक को मीडिया के सामने आकर उक्त प्रकरण पर माफी मांगनी पड़ी। एक मामला ही अभी गले पड़ा हुआ था की इसी विधायक के एक समर्थक ने युवती पर धारदार हथियार से हमला करने का प्रयास किया। शिक्षा निदेशक से मारपीट के मामले में तो विधायक के साथ देहरादून के पुराने हिस्ट्रीशीटर को नामजद किया गया था जिसकी गिरफ्तारी भी हुई, हालांकि बाद में जमानत हो गई। विधायक खासतौर से यदि वह सत्ता से जुड़ा हुआ हो तो यह जरूरी हो जाता है कि वह सरकार और पार्टी दोनों की गरिमा के अनुरूप व्यवहार दिखाएं। अक्सर सरकार को अपने विधायकों की हरकतों के कारण आलोचनाओं का शिकार बनना पड़ता है और इस मामले में भी कहीं ना कहीं भाजपा सरकार को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल होना पड़ा है। जनप्रतिनिधियों का आचरण समाज के प्रति सकारात्मक होना चाहिए यह नहीं की एक बार कुर्सी पर बैठने के बाद अपनी गरिमा एवं जनता के सम्मान को परे रख दिया जाए। अगले वर्ष उत्तराखंड विधानसभा के चुनाव होने हैं और जिस प्रकार का आचरण पिछले कुछ वर्षों में भाजपा के कुछ विधायकों ने सड़कों पर दिखाया है उसका कहीं ना कहीं खामियांजा तो इन विधायकों एवं भाजपा को उठाना ही पड़ेगा। बेहतर हो यदि सरकार और उसके विधायक व मंत्री अभी से सचेत हो जाए अन्यथा वह समय अब नहीं रहा जब कहा जाता था कि जनता की याददाश्त कमजोर होती है। सोशल मीडिया एक मजबूत प्लेटफॉर्म है जिसमें पुरानी सी पुरानी फाइल, वीडियो और प्रकरण कब किस मौके पर हथियार के तौर पर पेश कर दिए जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

# देशी कंपनियों के सामने हार्ले डेविडसन की चुनौती

**अमेरिका के साथ होने वाले सौदे को लेकर बहुत सी बातें कही और लिखी जा चुकी हैं। जैसे पहले भारतीय उत्पादों पर तीन फीसदी टैरिफ लगता था अब 18 फीसदी लगेगा और भारत में अमेरिकी उत्पादों पर औसतन 15 फीसदी टैरिफ लगता था, जिसको शून्य किए जाने की खबर है। इसी तरह भारत ने रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है और अमेरिका से खरीद बढ़ा दी है। ऐसे ही भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू करेगा। यह तेल भारत को महंगा पड़ेगा। फ्रेमवर्क का ड्राफ्ट सामने आने और रूस से तेल खरीद की वजह से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को वापस लेने के राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकारी आदेश की प्रति सामने आने के बाद कुछ नई और दिलचस्प चीजें पता चली हैं। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में लिखा हुआ है कि अगर भारत ने फिर रूस से तेल खरीदना शुरू किया तो उसके ऊपर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जा सकता है।**

**अजीत द्विवेदी**

भारत और अमेरिका के बीच दोपक्षीय व्यापार वार्ता चलती रहेगी लेकिन उससे पहले अंतरिम समझौते की घोषणा हो गई है। जिस दिन घोषणा हुई यानी समझौते का फ्रेमवर्क और साझा बयान जारी हुआ उसके अगले दिन, आठ फरवरी को पता नहीं अमेरिका के अखबारों में किसी भारतीय उत्पाद का विज्ञापन छपा या नहीं, लेकिन भारत की राजधानी दिल्ली में सभी बड़े अखबारों में पहले पन्ने पर पूरे पेज पर अमेरिकी मोटरसाइकिल हार्ले डेविडसन का विज्ञापन छपा। 125 सीसी की हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल की कीमत तीन लाख रुपए से कम बताई गई।

ध्यान रहे यह कोई सामान्य मोटरसाइकिल नहीं है। यह अमेरिकी औद्योगिक उत्पादन श्रृंखला का प्रतीक उत्पाद है। पहली बार राष्ट्रपति रहते डोनाल्ड ट्रंप इसी बाइक पर लगने वाले सौ फीसदी से ज्यादा टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नाराज हुए थे। उन्होंने भारत को टैरिफ किंग कहा था। बाद में भारत सरकार ने इस पर लगने वाला शुल्क कम किया। अब खबर है कि नए समझौते के तहत इस पर जीरो टैरिफ लगेगा। भारत में मोटरसाइकिल का बाजार बहुत बड़ा है और अब देशी कंपनियों के सामने हार्ले डेविडसन की चुनौती है।

बहरहाल, अमेरिका के साथ होने वाले सौदे को लेकर बहुत सी बातें कही और लिखी जा चुकी हैं। जैसे पहले भारतीय उत्पादों पर तीन फीसदी टैरिफ लगता था अब 18 फीसदी लगेगा और भारत में अमेरिकी उत्पादों पर औसतन 15 फीसदी टैरिफ लगता था, जिसको शून्य किए जाने की खबर है। इसी तरह भारत ने रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है और अमेरिका से खरीद बढ़ा दी है। ऐसे ही भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू करेगा। यह तेल भारत को महंगा पड़ेगा।

फ्रेमवर्क का ड्राफ्ट सामने आने और रूस से तेल खरीद की वजह से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को वापस लेने के राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकारी आदेश की प्रति सामने आने के बाद कुछ नई और दिलचस्प चीजें पता चली हैं। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में लिखा हुआ है कि अगर भारत ने फिर रूस से तेल खरीदना शुरू किया तो उसके ऊपर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जा सकता है। सोचें, किसी संप्रभु राष्ट्र के लिए क्या कोई दूसरा देश इस तरह के आदेश और धमकी जारी कर सकता है? ट्रंप ने भारत के लिए जारी किया लेकिन सब अपनी सुविधा के हिसाब से उनकी अनदेखी कर रहे हैं।

ऐसे ही फ्रेमवर्क में एक दिलचस्प बात यह है कि भारत अगले पांच साल में अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर के सामान खरीदेगा। यानी हर साल भारत को एक सौ अरब डॉलर के सामान खरीदने हैं। सवाल है कि भारत क्या खरीदेगा? अभी अमेरिका से भारत की औसत सालाना खरीद 40 अरब डॉलर की है। इसको दोगुने से ज्यादा बढ़ाना है। भारत अमेरिका से ऐसा क्या खरीदना शुरू करेगा कि उसका आयात दोगुने से ज्यादा बढ़ कर सौ अरब डॉलर यानी करीब नौ लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा? यह सही है कि भारत ने तेल खरीद बढ़ा दी है। तेल व गैस की खरीद थोड़ी और बढ़ाई जा सकती है। कुछ विमान व विमानों के कल पुर्जों की खरीद बढ़ जाएगी लेकिन क्या इससे भारत का आयात दोगुना हो जाएगा? कम से कम पहले साल में तो नहीं होने वाला है।

भारत दुनिया के दूसरे देशों से सस्ती और जरुरत की चीजें छोड़ कर अमेरिका से ज्यादा और गैरजरूरी चीजों की खरीद करे तब तो बात अलग है। अन्यथा ऐसे हर साल नौ लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदना मुश्किल होगा। अगर भारत ने समझौते की इस शर्त को पूरा नहीं किया तो क्या होगा? सबको पता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक दक्षिण कोरिया के साथ क्या किया? उन्होंने दक्षिण कोरिया से समझौता किया और एक दिन अचानक कहा कि वह समझौते की शर्तों को ठीक से लागू नहीं कर रहा है इसलिए उसके ऊपर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाता है। भारत के सामने भी यह खतरा रहेगा।

ध्यान रहे अभी तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापार में संतुलन भारत के पक्ष में था। अमेरिका से भारत अभी करीब चार लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदता है और उसे सात लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का सामान बेचता है। दुनिया के ज्यादातर देशों के साथ अमेरिका का व्यापार संतुलन ऐसा ही था। तभी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अब तक अमेरिका सभी देशों के साथ व्यापार में घाटा उठाता रहा है, अब वे इसे बदलेंगे। यानी अब अमेरिका मुनाफा कमाएगा। भारत के साथ व्यापार में भी ऐसा ही होगा। अब व्यापार संतुलन अमेरिका के पक्ष में होगा। अगर भारत चाहता है कि ऐसा न हो तो वह अमेरिका से नौ लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदेगा और उसे इससे ज्यादा का सामाना बेचना होगा।

सोचें, अभी भारत सात लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा का सामान बेचता है अब अचानक तीन या चार लाख करोड़ रुपए का कौन सा सामान बेचने लगेगा कि व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में झुके? यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि यूरोपीय संघ के साथ भी भारत ने मुक्त व्यापार संधि की है। ब्रिटेन और न्यूजीलैंड के साथ भी संधि हुई है। इन देशों को भी सामान बेचना है। इसे एक अवसर माना जा सकता है। लेकिन क्या अवसर का लाभ उठाने के लिए भारत तैयार है?सौदे में एक और दिलचस्प बात यह है कि वाणिज्य मंत्री ने उन वस्तुओं की सूची गिनाई, जिनका निर्यात भारत करेगा। उसमें सेब और एवाकाडो भी है। सोचें, भारत में अपने इस्तेमाल का एवाकाडो तंजानिया, पेरू, चिली, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से आता है तो भारत कहां से एवाकाडो अमेरिका को निर्यात करेगा। इसी तरह भारत में सेब की अपनी जरुरत अमेरिका से लेकर न्यूजीलैंड और चीन के सेब से पूरी होती है। बहरहाल, भारत को एक तरफ अनाज, फल आदि का उत्पादन बढ़ाना होगा, उन्हें पेस्टिसाइड से मुक्त करना होगा और अमेरिकी व यूरोपीय स्टैंडर्ड का करना होगा। उसके साथ ही अपना बुनियादी ढांचा भी मजबूत करना होगा।

सरकार कह रही है कि उसने किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया है। लेकिन अभी समझौते का अंतिम मसौदा सामने आना बाकी है। सरकार ने सोयाबीन तेल पर से टैरिफ हटा दिया है, जबकि अभी तक उस पर 45 फीसदी टैरिफ लगता था। इसी तरह ड्राई डिस्टिलर्स ग्रेन को अनुमति दी गई और उस पर लगने वाले 14 फीसदी टैरिफ को जीरो किया गया है। बादाम पर 42 रुपए प्रति किलो और बादाम गिरि पर सौ रुपए किलो टैरिफ लगता था और अखरोट एक सौ फीसदी व अखरोट गिरि पर 120 फीसदी टैरिफ लगता था। उसे भी जीरो कर दिया गया है।इससे किसानों पर होने वाले असर का आकलन होना बाकी है लेकिन भारत को मिलने वाले आयात शुल्क में इससे अच्छी खासी कमी आएगी। सो, अगर भारत का निर्यात बहुत बड़ी मात्रा में नहीं बढ़ता है और आयात बढ़ता जाता है और अनेक चीजों पर आयात शुल्क कम हो जाता है तो भारत को विदेशी मुद्रा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल, सौदे में कुछ तो गड़बड़ी है, जिसकी वजह से कोई खुल कर नहीं बात कर रहा है। सौदे के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री कहते हैं कि वाणिज्य मंत्री बताएंगे और रूस से तेल खरीदने के मामले पर वाणिज्य मंत्री कहते हैं कि विदेश मंत्री जानें या तेल कंपनियां जानें। भारत में शासन की इतनी केंद्रीकृत व्यवस्था में पहली बार ऐसा विकेंद्रीकरण देखने को मिल रहा है।

# यूट्यूब से कमाई का बुलबुला फूट रहा

**हरिशंकर व्यास**

भारत में तीन दशक पहले डिजिटल क्रांति आई तो भारत कंप्यूटर और इंटरनेट का दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना। वैसे ही डेढ़ दशक पहले सोशल मीडिया की क्रांति हुई तो भारत उसका भी सबसे बड़ा बाजार बना। भारत में अभी फेसबुक, यूट्यूब, गूगल आदि के सबसे ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। इसी तरह दो साल पहले जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की क्रांति हुई उसका भी सबसे बड़ा बाजार भारत बन गया है। भारत में ओपन एआई का इस्तेमाल करने वाले सबसे ज्यादा लोग हैं। जिस तरह से भारत आईटी क्रांति और सोशल मीडिया क्रांति का बाजार बना है उसी तरह एआई क्रांति का भी बाजार बना है। लेकिन अब इस बाजार के डायनेमिक्स बदल रहे है।

अमेरिका की एआई कंपनियों ने मार्केटिंग की दिशा में अगला कदम बढ़ा दिया है। खबर है कि अब उनके एआई प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल मुफ्त नहीं होगा। पहले चरण में इसमें विज्ञापन इंट्रोड्यूस किए जा रहे हैं। एआई का कोई भी प्लेट-फॉर्म खोलने पर विज्ञापन चलेगा। अगर किसी को विज्ञापन मुक्त सेवा लेनी है तो उसे सब्सक्रिप्शन लेना होगा। मार्केटिंग का यह तरीका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स द्वारा पहले से आजमाया जाने लगा है। प्रीमियम सर्विस के लिए पैसे देने होते हैं और मुफ्त सर्विस में विज्ञापन चलते हैं। इस विज्ञापन से अरबों डॉलर की कमाई होती है और वह पूरा पैसे अमेरिका जाता है। सोचें, विज्ञापन भारत के उत्पादों का होता है और उनके खरीदार भी भारत के लोग होते हैं। लेकिन उसका विज्ञापन करने वाला प्लेटफॉर्म विदेशी है। पहले विज्ञापन का प्लेटफॉर्म अखबार, पत्रिकाओं और टेलीविजन चैनलों का होता था। बाद में इसमें डिजिटल प्लेट-फॉर्म्स शामिल हुए। धीरे धीरे उन्होंने बाजार पर कब्जा करना शुरू किया। सरकारों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन के नए नियम बनाए। आज विज्ञापन का सबसे ज्यादा हिस्सा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को जाता है। उसमें गूगल, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है।

ऐसा नहीं है कि इसका लाभ सिर्फ अमेरिकी कंपनियों ने उठाया। उन्होंने भारत के सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स को कमाई का माध्यम भी उपलब्ध कराया। भारत में रील बनाना और डिजिटल कंटेंट बना कर कमाई करना एक वैकल्पिक रोजगार बना। ऐसा रोजगार, जिसमें सरकारों की कोई भूमिका नहीं थी लेकिन पिछले ही साल बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्होंने डाटा इतना सस्ता कर दिया कि लाखों लोग डिजिटल कंटेंट बना कर कमाई कर रहे हैं। उन्होंने रीलबाजी को एक रोजगार बताया। इतना ही नहीं इस साल जब मोदी की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश किया तो उसमें 15 हजार कंटेंट क्रिएशन लैब्स बनाने का प्रावधान किया । सोचें, दुनिया के सभ्य और विकसित देश इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी बनाने के लिए साइंस और टेक्नोलॉजी के लैब्स बना रहे हैं वही भारत में कंटेंट क्रिएशन के लैब बनने है!

परंतु इस रोजगार की राह भी अब मुश्किल हो गई है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने दर्शकों और पाठकों तक रीच घटाई है। साथ ही मोनेटाइजेशन को कम किया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर तो पहले भी कम पैसे मिलते थे लेकिन यूट्यूब वीडियोज से लोगों को अच्छी खासी कमाई होती थी। पहले तो इनकी पैरेंट कंपनी मेटा ने वीडियो की लंबाई और गुणवत्ता के आधार पर भुगतान के नए नियम बनाए। इसमें छोटे यानी शॉर्ट वीडियोज और रील्स के लिए भुगतान काफी कम कर दिया। लंबे वीडियो पर अगर दर्शक ज्यादा देर टिकता था तो उसमें ज्यादा भुगतान के नियम बने। इस तरह 30 सेकेंड, तीन मिनट या उससे ज्यादा, 10 मिनट या उससे ज्यादा और 30 मिनट या उससे ज्यादा की अवधि वाले वीडियो की श्रेणियां बनाई गईं। पहले ये कंपनियां अनापशनाप पैसे देती थीं। लेकिन बाद में 10 मिनट का वीडियो अगर 10 हजार लोग देखते हैं तो एक डॉलर का भुगतान होने लगा। अब इसे और कम कर दिया गया है। एक बहुत ही चर्चित और वस्तुनिष्ठ खबरें दिखाने वाले सोशल मीडिया जर्नलिस्ट का कहना है कि उनके लंबे वीडियो पर पांच लाख व्यूज के बावजूद तीन हजार रुपए मिल रहे हैं।

## मोदी सरकार विफल

ट्रंप अधिकतम वसूली करने और भारत की भू–राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है।

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी साझा बयान इस संबंध में सोशल मीडिया पोस्ट पर डॉनल्ड ट्रंप की पूर्व घोषणा के अनुरूप है। इसमें शामिल शर्तों के मद्देजनर यह भी कहा जा सकता है कि पूरा समझौता ट्रंप की शर्तों पर है। ह्वाइट हाउस से जारी साझा बयान के जब पहले ही पैराग्राफ में कहा गया है कि अमेरिका के सभी औद्योगिक उत्पादों और बड़े पैमाने पर खाद्य एवं कृषि पैदावार पर से भारत टैरिफ घटाएगा, तो फिर केंद्र के इस दावे में ज्यादा दम नहीं बचता कि उसने कृषि क्षेत्र के हितों की पूरी रक्षा की है।

अमेरिकी बयान में सूखा आसवक चोकर, चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स (बादाम, काजू, अखरोट, पिस्ता आदि), ताजा और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब, स्पीरिट आदि का नाम लेकर जिक्रहै, जिन पर टैरिफ खत्म किए जाएंगे। उधर पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की अमेरिकी सामग्रियों की खरीदारी की बात भी डील का हिस्सा है। फिलहाल, भारत 85 बिलियन डॉलर का निर्यात और 45 डॉलर का आयात करता है। इस तरह उसे अमेरिका से तकरीबन 40 बिलियन डॉलर का व्यापार लाभ है। अब भारत ने औसतन प्रति वर्ष 15 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे में जाने का करार किया है। उसका दबाव पहले से ही डगमगाए रुपये के भाव पर पड़ेगा। उधर भारत में टैरिफ हटने का भारत के राजकोष पर दबाव महसूस किया जाएगा। ऊपर से ह्वाइट हाउस ने एक अलग विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का वादा अमेरिका से किया है। बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर लगे 50 प्रतिशत को घटा कर 18 फीसदी पर लाएगा। लेकिन यह साफ है कि समझौता दोनों तरफ लगने वाले टैरिफ तक सीमित नहीं है। बल्कि अपने परिचित अंदाज के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने इसके जरिए भारत से अधिकतम वसूली करने और भारत की भू–राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है।

# द पैराडाइज से आया शेर का प्रोमो आउट




सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक, द पैराडाइज के मेकर्स ने आया शेर का धमाकेदार प्रोमो रिलीज कर दिया है. यह पूरा गाना फरवरी को नेचुरल स्टार नानी के जन्मदिन के खास मौके पर रिलीज होगा. नैचुरल स्टार नानी की फिल्म द पैराडाइज 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है और इसकी अनाउंसमेंट के बाद से ही काफी चर्चा है.

फिल्म को श्रीकांत ओडेला डायरेक्ट कर रहे हैं, जिन्होंने दसरा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म से सबका दिल जीता था. यह फिल्म इस डायरेक्टर और नानी की जोड़ी को एक बार फिर साथ लेकर आ रही है.

हाल ही में, मेकर्स ने फिल्म का एक जबरदस्त नया रिलीज डेट पोस्टर जारी किया है, जिसने तुरंत सबका ध्यान खींच लिया. उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म का पहला गाना आया शेर 24 फरवरी को नानी के बर्थडे पर फैंस के लिए एक खास तोहफे के रूप में रिलीज किया जाएगा. उन्होंने वादा किया है कि यह गाना आते ही धमाल मचा देगा.

खास दिन की तैयारी करते हुए, मेकर्स ने आया शेर का एक दमदार प्रोमो रिलीज किया है. इस प्रोमो में गाने की एक बहुत ही पावरफुल और एनर्जेटिक झलक दिखाई गई है, जिससे साफ पता चल रहा है कि यह एक जबरदस्त धमाका होने वाला है.

प्रोमो शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, नया प्रोमो आया शेर की एक बहुत ही पावरफुल झलक दिखाता है, जो फिल्म द पैराडाइज में नेचुरल स्टार नानी का एक धमाकेदार इंट्रोडक्शन गाना होने वाला है. अनिरुद्ध रविचंदर के म्यूजिक और सुधन मास्टर की कोरियोग्राफी के साथ, इस ट्रैक में जबरदस्त बीट्स और हाई–वोल्टेज एनर्जी फील हो रही है. नानी की स्क्रीन प्रेजेंस और उनके दमदार मूव्स से अभी से हिंट मिल रहा है कि यह गाना फिल्म के सबसे बड़े हाइलाइट्स में से एक होगा.

# महिला टी—20 विश्व कप 2026: 12 जून से शुरू होगा टूर्नामेंट, भारत—पाकिस्तान मुकाबला 14 जून को



नईदिल्ली,महिला टी–20 विश्व कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड की मेजबानी में होने जा रहा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इसके शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इसकी शुरुआत 12 जून से होगी और कुल 33 मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड ने महिला टी–20 विश्व कप क्वलीफायर से अपनी जगह बनाई है। पहला मुकाबला इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। भारत–पाकिस्तान का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में होगा। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ एजबेस्टन में खेलेगी। इसके बाद टीम 17 जून को नीदरलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ हेडिंग्ले में दूसरा मुकाबला खेलेगी। तीसरा मैच 21 जून को दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में होगा। चौथा मुकाबला 25 जून को बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम से इसी मैदान पर खेला जाएगा। वहीं, ग्रुप चरण का आखिरी मैच 28 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ होगा। सभी 6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप–1 में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड की टीम है। ग्रुप–2 में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम है। ये टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। पिछला टी–20 विश्व कप साल 2024 में खेला गया था,

फाइनल में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला द ओवल के मैदान पर 30 जून को खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला 2 जुलाई को द ओवल के ही मैदान पर होगा। फाइनल मैच 5 जुलाई को लॉर्डस क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट के दूसरे दिन (13 जून) 3 मुकाबले होंगे। 2 मैच ओल्ड ट्रैफर्ड और 1 मैच हैम्पशायर में खेला जाएगा। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया ने 6 बार ये ट्रॉफी जीती है।

# फिल्म एक दिन का टाइटल ट्रैक जारी



आमिर खान प्रोडक्शंस की आगामी रोमांटिक फिल्म एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. प्रोडक्शन ने एक दिन का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है. यह गाना आमिर खान और अरिजीत सिंह के बीच कोलेबोरेशन को दिखाता है, जो फिल्म की रिलीज से पहले से ही चर्चा में बना हुआ.

आमिर खान प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर एक दिन का टाइटल ट्रैक लॉन्च किया. इसे शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, एक दिन आमिर सर आपके साथ बैठकर गाना गा रहे हैं. आमिर खान एक्स अरिजीत सिंह = प्योर मैजिक. एक दिन टाइटल ट्रैक अभी आ गया है. एक दिन सिर्फ़ थिएटर में 1 मई 2026 को देखें.

वीडियो की शुरुआत में आमिर खान और अरिजीत सिंह से उनके प्लेबैक सिंगिंग से दूर जाने के फैसले पर सवाल करते हैं. एक्टर अरिजीत के साथ उनके घर पर फर्श पर बैठे हुए दिखते हैं और उनसे पूछते हैं, आप कोई प्रोजेक्ट नहीं ले रहे हैं? कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं? या आप हिंदी फिल्मों के लिए नहीं गाना चाहते? ऐसे मत कर यार, हम लोगों का क्या होगा भाई?

## दो दीवाने सहर में की तीसरे दिन डूबी नैया, तापसी पन्नू की अस्सी भी रही बेदम

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक–ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में ने बॉक्स ऑफिस पर 3 दिन पूरे कर लिए हैं। पहले दिन बेहद निराशाजनक ओपनिंग करने वाली इस फिल्म को तीसरे दिन भी अपना हुनर दिखाने का मौका नहीं मिल सका। यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में नाकामयाब रही। तापसी पन्नू की अस्सी का हाल भी बुरा रहा है, जबकि 13 फरवरी को रिलीज ओ रोमियो कमाई के मामले में दोनों फिल्मों पर भारी पड़ी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म दो दीवाने सहर में को पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये से शुरुआत मिली थी। हैरानी की बात यह है कि दूसरे दिन, यानी शनिवार को इसने 1.5 करोड़ कमाए थे, जबकि तीसरे दिन रविवार को कमाई कुल 1.31 करोड़ रुपये हुई है।

# पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 1—0 की बनाई बढ़त



नईदिल्ली,ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने पहले वनडे मैच में भारतीय महिला टीम को 6 विकेट से मात दे दी है. 215 रन के छोटे से टारगेट को हासिल करके ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1–0 की बढ़त भी बना ली. भारत के 214 रन पर आउट करने के बाद, मेजबान टीम ने कप्तान एलिसा हीली 50 और बेथ मूनी 76 के अर्धशतकों की मदद से आसानी से जीत हासिल कर ली. पहले बैटिंग करने उतरी भारत को शुरुआती ओवर में ही झटका लगा जब मेगन शुट्ट ने प्रतिका रावल को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, और इसके तुरंत बाद शैफाली वर्मा के आउट होने से शुरुआती दबाव और बढ़ गया. स्मृति मंधाना ने मुश्किल दौर का सामना किया, कुछ मुश्किल पलों से गुजरने के बाद उन्होंने 58 रन बनाकर पारी को संभाला. इसके अलावा कप्तान ने हरमनप्रीत ने 53 और गौतम ने 43 रनों की पारी खेली. जिससे टीम का स्कोर 214 तक पहुंच सका. भारतीय टीम ने पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी और 48.3 ओवर में ही ऑलआउट होगी. ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एश्ले गार्डनर सबसे सफल गेंदबाज रहीं उन्होंने 7 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए. इसके अलावा मेगन शुट्ट ने 9 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट ली.

215 रनों के जवाब में, हेली और फोएबे लिचफील्ड ने एक मजबूत नींव रखी. इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े, और पॉजिटिव स्ट्रोक्स के साथ इंडिया की नई गेंद के खतरे का सामना किया. हेली ने शानदार ड्राइविंग की और स्ट्राइक रोटेट करते हुए 69 गेंदों में 50 रन बनाए. भारत ने थोड़ी देर के लिए वापसी की जब लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी ने जल्दी–जल्दी दो विकेट लिए, लिचफील्ड और जॉर्जिया वोल को आउट करके चेज में थोड़ी अनिश्चितता पैदा कर दी.

## एक नजर

### गुमशुदा हुए युवक को पुलिस ने स्वजनों को सौंपा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : हरिद्वार से भटकते हुए कोटद्वार पहुंचे एक युवक को पुलिस ने उनके स्वजनों के सुपुर्द किया। युवक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर के अंतर्गत मयलानी का रहने वाला है। वह कुछ समय पहले अपने भाई के साथ गांव से हरिद्वार आया था। पुलिस को सूचना मिली कि भाबर के हल्दूखाता में एक युवक घूम रहा है। पुलिस समाज सेवी इंदू नौटियाल मदद से युवक को कोतवाली लेकर पहुंची। पूछताछ में युवक में युवक की पहचान उत्तर प्रदेश जिला लखीमपुर-खीरी के अंतर्गत मयलानी रामपुर कोठी निवासी गया प्रसाद के रूप में हुई। युवक ने बताया कि वह गांव से अपने भाई के साथ हरिद्वार काम की तलाश में आया हुआ था। लेकिन, वह रास्ता भटकते हुए कोटद्वार पहुंच गया। पुलिस ने बताया कि युवक मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। युवक के स्वजनों से संपर्क किया गया, जिसके बाद वह कोटद्वार पहुंचे और युवक को उनके सुपुर्द किया गया।

### 11 ब्लॉकों के 51 विद्यालयों में शौचालयों की होगी मरम्मत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद में बालिका सह-शैक्षणिक विद्यालयों में शौचालयों की खराब स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सुधार कार्यों के लिए 27 लाख 46 हजार 500 की धनराशि स्वीकृत की गई। 11 ब्लॉकों के 51 विद्यालयों में सुधार कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि जनपद के 11 ब्लॉक पौड़ी, कोट, खिर्सू, पोखड़ा, द्वारीखाल, कल्जीखाल, यमकेश्वर, थलीसैंण, बीरोंखाल, पाबौ और एकेश्वर के विद्यालयों में यह कार्य कराया जाएगा। बताया कि पौड़ी के 10 विद्यालयों को 5.30 लाख, कोट के तीन विद्यालयों को दो लाख, खिर्सू के एक विद्यालय को 40 हजार, पोखड़ा के तीन विद्यालयों को 1.80 लाख, द्वारीखाल के 11 विद्यालयों को 5.76 लाख 500, कल्जीखाल के पांच विद्यालयों को 2.20 लाख, यमकेश्वर के चार विद्यालयों को 2.10 लाख, थलीसैंण के दो विद्यालयों को एक लाख, बीरोंखाल और पाबौ के एक-एक विद्यालय को 80-80 हजार व एकेश्वर के 10 विद्यालयों को 5.30 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिला शिक्षाधिकारी (प्राथमिक) अंशुल बिष्ट ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से छात्राएं आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी।

### चारधाम यात्रा : बढ़ सकता है हेली सेवा का किराया

श्रीनगर गढ़वाल : चारधाम यात्रा से पहले हेली सेवा के किराये में बढ़ोतरी हो सकती है। अभी किराया करीब 1,000 रुपये है जिसमें 500 रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। श्रीनगर के स्वीत हेलिपैड से संचालित हेरिटेज एविएशन की सेवा देहरादून से शुरू होकर टिहरी, श्रीनगर और गौचर तक संचालित हो रही है। हेरिटेज एविएशन की यह फ्लाइट देहरादून से उड़ान भरकर पहले टिहरी, फिर श्रीनगर और अंततः गौचर पहुंचती है। वापसी में भी यही मार्ग है। वर्तमान में गौचर व टिहरी तक उड़ान का किराया 1,000 रुपये है, जबकि देहरादून-गौचर रूट के लिए 3,000 रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) निर्धारित है। सभी टिकट ऑनलाइन बुक होते हैं। श्रीनगर प्रभारी अभिलाष पटवाल के अनुसार अभी हेली सेवा एक विशेष ऑफर के तहत संचालित की जा रही थी, लेकिन चारधाम यात्रा सीजन को देखते हुए कंपनी किराये में बढ़ोतरी कर सकती है। ईंधन व अन्य परिचालन लागत बढ़ने के कारण भी दरों में संशोधन पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार शॉर्ट फ्लाइट के किराये में लगभग 500 रुपये तक की वृद्धि हो सकती है जिससे यह 1,000 रुपये से बढ़कर 1,500 रुपये या उससे अधिक हो सकता है।

### छात्रों ने विशेष अवसर देने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के वर्ष 2015 के सीबीसीएस बैच एवं उसके बाद के छात्रों को डिग्री पूर्ण करने के लिए छात्रों ने विशेष अवसर प्रदान करने की मांग की। छात्रों ने इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा है। छात्रों ने कहा कि वर्ष 2015 में लागू हुई सीबीसीएस प्रणाली के तहत प्रवेश लेने वाले छात्रों को नई व्यवस्था के नियमों एवं तकनीकी जटिलताओं के कारण कई विषयों में बैक लग गई थी। इसके बाद वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण विवि की परीक्षाएं एवं शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं।

# भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अंतराष्ट्रीय एआई समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए प्रदर्शन के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने की भी मांग उठाई।

बुधवार को महिला मोर्चा से जुड़ी महिलाएं झंडाचौक में एकत्रित हुई। जहां उन्होंने राहुल गांधी व कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। कहा कि कांग्रेस देश की तरक्की



कोटद्वार के झंडाचौक में राहुल गांधी का पुतला दहन करती भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता

को देख बौखला गई है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस देश की छवि खराब करना चाहती है। कहा कि दिल्ली में हुए एआई इंपैक्ट समिट का आयोजन किया गया था। जिसमें देश-विदेश से वैज्ञानिक व इंजीनियर आए हुए थे। लेकिन, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इशारे पर युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता समिट में आकर अर्धनग्न प्रदर्शन करने लगे, जिससे दुनिया में देश की छवि को नुकसान पहुंचा है। कहा कि राहुल गांधी नहीं चाहते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। भाजपा महिला कार्यकर्त्ताओं ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की है। माफी न मांगने पर लोकसभा की सदस्यता रद्द करवाने की मांग की है। इस मौके जिलाध्यक्ष शशिबाला केष्टवाल, मीनू डोबरियाल, सिमरन बिष्ट, मानेश्वरी बिष्ट, उर्मिला कंडारी, रेखा सुंद्रियाल, लक्ष्मी रावत, सुनीता मैंदोला मौजूद रहे।

### हर प्रसाद शास्त्री को मिला ज्योतिबा फूले स्मृति सम्मान

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : भारती दलित साहित्य अकादमी गढ़वाल मंडल की ओर से आचार्य हर प्रसाद शास्त्री को महात्मा ज्योतिबा फूले स्मृति सम्मान दिया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज क्षेत्र में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलीय अध्यक्ष डा. सुरेंद्र लाल आर्य ने किया। उन्होंने कहा कि आचार्य हर प्रसाद शास्त्री ने समाज क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने लोगों को शास्त्री के जीवन परिचय से अवगत करवाया। हर प्रसाद शास्त्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले को महान समाज सुधाकर, विचारक, समाजसेवी व क्रांतिकारी रहे है। कहा कि उन्हें उनकी स्मृति में सम्मानित किया जाना गर्व की बात है। कहा कि उन्होंने नारी शिक्षा की शुरूआत अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फूले के साथ बालिकाओं के लिए पहला स्कूल खोला। 1873 में उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। उन्होंने छूआछूत व जाति प्रथा का कड़ा विरोध किया व वंचित, शोषित, उपेक्षित समाज में समता, सम्मान व स्वाभिमान का नया प्रकाश फैलाने का काम किया। इस मौके पर प्रमोद कुमार चौधरी, जीवन मैसी, अनुज कुमार चौधरी, सतीश कुमार, बीर सिंह, सरोज देवी, सपना, शूरबीर खेतवाल, मोहन भारती आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड द्वारीखाल की न्याय पंचायत सुराड़ी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही उसका निराकरण किया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

चैंलूसैंण मिलन केंद्र में आयोजित शिविर की अध्यक्षता लैंसडौन वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी जीवन मोहन दगाड़े ने किया। शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर ग्रामीणों को आत्मनिर्भरता की ओर अपना कदम बढ़ाने चाहिए। शिविर में ग्रामीणों ने सड़क, पानी व बिजली सहित 53 शिकायतें दर्ज की, जिसमें से 30 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया।

शेष शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। शिविर में करीब 550 ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डीएफओ ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राणा, अर्जुन सिंह, कनिष्ठ उप प्रमुख कौशल्या देवी, खंड विकास अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# नर्सिंग स्टाफ ने अस्पताल में किया हंगामा

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक नर्सिंग स्टाफ पर शराब के नशे में अस्पताल परिसर में हंगामा करने का आरोप है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। चिकित्साधिकारी का कहना है कि विभागीय जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि ड्यूटी के दौरान मरीजों के परिजनों ने शिकायत की कि संबंधित कर्मी नशे में स्टाफ व प्रभारी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इससे अस्पताल का माहौल तनावपूर्ण हो गया और मरीजों व तीमारदारों में दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि स्थानीय स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर बुधवार को अस्पताल कर्मी पौड़ी पहुंचकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. शिव प्रसाद शुक्ला से मिले। सीएमओ ने मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी से वार्ता कर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि मामले में विभागीय जांच भी शुरू की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डॉ. टीना, स्टाफ नर्स सुमन दास, राधा स्वरूप भी मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया जाएगा होली महोत्सव

जयन्त प्रतिनिधिः

कोटद्वार : डू समथिंग सोसाइटी की ओर से होली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई।

शिब्बूनगर में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि होली हमारी संस्कृति से जुड़ा पर्व है। हर वर्ष की तरह की वर्ष भी होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। लोकगायक सौरभ मैठाणी व उनकी टीम की रंगारंग प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनीषियों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में होलिकोत्सव समिति का गठन करते हुए सत्यप्रकाश थपलियाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा रेखा नेगी व शूरबीर खेतवाल को उपाध्यक्ष, रोशन बलूनी व पंकज ध्यानी को सचिव का दायित्व दिया गया। प्रकाश चंद्र कोठारी, डीपी बलूनी, सिंधु कोठारी, सोनम कोठारी, शशिभूषण अमोली, आशीष नेगी, एसएन नौटियाल, सुरेंद्र लाल आर्य, एसपी कुकरेती, विजय माहेश्वरी, दीपक कुकरेती, आरपी पंत, जेपी ध्यानी, राजेंद्र बिष्ट, शंकर दत्त गौड़, रिपुदमन बिष्ट, प्रवेश नवानी, कविता रावत, पुष्पा केष्टवाल, चांद मौला बख्स, ज्योति कुलाश्री, श्वेता गोयल, सुनीता नैथानी, नीलम डंगवाल, चिराग कुकरेती, नितीश कुमार, अरूण असवाल, अतुल बडोला, विवेक सती को अभिनंदन समिति का सदस्य चुना गया।

# जानवरों की सुरक्षा हेतु झाड़ियों का किया कटान



रिखणीखाल क्षेत्र में झाड़ी कटान का कार्य करते वन कर्मी व सेना के जवान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बाघ सहित अन्य जंगली जानवरों से ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए वन विभाग व भारतीय सेना ने अभियान चलाया। गांव के आसपास झाड़ियों का कटान करते हुए ग्रामीणों को जानवरों से बचाव के तरीके बताए गए।

बुधवार को रिखणीखाल के ढौंटियाल व सेंधीखाल क्षेत्र में झाड़ियों का कटान किया गया। इस अभियान में गांव के ग्रामीण भी अपना योगदान दे रहे हैं। दरअसल, रिखणीखाल के विभिन्न गांव में इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन ग्रामीणों को बाघ गांव के आसपास घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में गांव के आसपास बाघ की धमक रोकने के लिए वन विभाग व सेना की ओर से झाड़ियों के कटान का अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान में आसपास के ग्रामीणों का भी सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को जंगली जानवरों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। बताया कि कहीं भी आबादी में जंगली जानवर दिखाई देने पर इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। कई बार जानवर घरों के आसपास झाड़ियों में छिप जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को अपने घर के आसपास भी झाड़ियों का कटान करना चाहिए।

# टिहरी में पयर्टन को नई ऊंचाई देगा लेक फेस्टिवल

### – 6 से 9 मार्च के बीच आयोजित होगा टिहरी लेक फेस्टिवल

देहरादून। पुराने टिहरी शहर को अपने आगोश में समाई झील की सैर, गंगा की वेगवान लहरों पर राफ्टिंग, रहस्यमयी खैट पर्वत की यात्रा से लेकर, देवप्रयाग में पौराणिक रघुनाथ मंदिर के दर्शन और संगम तट पर योगाभ्यास। यदि आप किसी एक आयोजन में इन सब गतिविधियों का आनंद लेना चाहते हैं, तो 6 से 9 मार्च के बीच टिहरी लेक फेस्टिवल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना ना भूलें। टिहरी जिला प्रशासन और उत्तराखंड पयर्टन विकास परिषद के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किए जा रहे टिहरी लेक फेस्टिवल का शुभारंभ 6 मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों किया जाना प्रस्तावित है। चार दिन के इस आयोजन के दौरान टिहरी जिले के प्रमुख केंद्रों पर विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल के मुताबिक टिहरी लेक फेस्टिवल का उद्देश्य टिहरी जिले को प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाते हुए, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करना है। उन्होने बताया कि इस दौरान ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के साथ ही स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, मास्टर शेफ प्रतियोगिता, लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए फैशन शो, फोटोग्राफी जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

एक लाख रुपए तक पुरस्कार जीतने का मौका : आयोजन के दौरान अलग– अलग स्थानों पर मास्टर शेफ, फोटोग्राफी, पेटिंग, सोशल मीडिया रील, ग्रुप फैशन शो, मिस्टर एंड मिस टिहरी, राफ्टिंग, रैप सिंगिग प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। जिसमें प्रथम विजेता एक लाख रुपए तक का पुरस्कार जीत सकता है, इसी तरह दूसरे स्थान का विजेता 50 हजार, तीसरे स्थान का विजेता 25 हजार रुपए का पुरस्कार जीत सकता है, इसके साथ ही पांच– पांच हजार के 10 सांत्वना सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

पांडवाज, अमित त्रिवेदी जमाएंगे रंग : प्रतियोगिता का उद्घाटन छह मार्च को कोटी कॉलोनी में होगा। कोटी कॉलोनी में ही फूड फेस्टिवल, मिस्टर एंड मिस टिहरी, मास्टर शेफ, वीर भड़ माधो सिंह भंडारी की जीवनगाथा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी होगी। कोटी कॉलोनी में छह मार्च को पांडवाज बैंड और सात मार्च गो अमित त्रिवेदी की भी प्रस्तुति होंगी।

एडवेंचर टूरिज्म का पावर पैक : टिहरी जिले के दूरस्थ ब्लॉक प्रतापनगर में भी आयोजन के दौरान कई कार्यक्रम होंगे, इसमें सात मार्च को माजफ झ्र पीडी ट्रैक और आठ मार्च को थात– खैट पर्वत ट्रैक शामिल है। इसी तरह घनसाली में बासल ताल ट्रैक का आयोजन किया जा रहा है। वहीं नरेंद्र नगर ब्लॉक में आठ मार्च को ब्रहमपुरी से खारास्त्रोत तक गंगा में राफ्टिंग, धनोल्टी क्षेत्र के अंतर्गत सुआखोली से देवलसारी तक एमटीबी राइड शामिल है।

देवप्रयाग– आध्यात्म और योग का मेलः टिहरी लेक फेस्टिवल के प्रतिभागियों को देवप्रयाग स्थित प्रसिद्ध रघुनाथ मंदिर के दर्शन, संगम पर गंगा आरती के साथ ही योगाभ्यास का भी अवसर मिलेगा। देवप्रयाग में ही प्रतिभागियों को एतिहासिक वेदशाला का भी दौरा कराया जाएगा।।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शहीद मेले का हुआ शुभारंभ



दुगड्डा में आयोजित मेले के दौरान सांस्कृति प्रस्तुति देते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दुगड्डा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शहीद मेले का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान क्षेत्र में झांकी भी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल व नगर पालिका अध्यक्ष शांति बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि दुगड्डा का इतिहास बहुत पुराना है। यहां क्रांतिकारियों की भूमि रही है। कहा कि दुगड्डा की भूमि में पहुंचे चंद्रशेखर आजाद ने क्रांतिकारियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया था। यह भूमि वीरों की भूमि रही है। इसलिए हमें अपने क्षेत्र की महानविभूतियों को याद रखना चाहिए। इससे पूर्व अस्पताल के समीप से नगर पालिका परिसर तक झांकी निकाली गई। साथ ही विद्यार्थियों ने गढ़वाल-कुमाऊंनी व हिंदी गीतों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शांता बमराणा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जेपी जोशी, संजीव कपूर, गजेंद्र राणा, दीपक ध्यानी, अतुल अग्रवाल, राहुल जैन, प्रदीप बडोला योगेंद्र बिष्ट, सुधीर अग्रवाल, जागेश्वर जोशी आदि मौजूद रहे।

# महंत पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी हो

ऋषिकेश। श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर की भूमि पर कथित अतिक्रमण और मंदिर के महंत रामेश्वर गिरी पर हमले को लेकर संत समिति ऋषिकेश ने विरोध जताया है।



समिति ने बुधवार मंदिर परिसर में बैठक कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। समिति के अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत ने कहा कि ऋषिकेश क्षेत्र में भूमाफिया द्वारा धार्मिक संपत्तियों का स्वरूप परिवर्तन कर उनका व्यवसायीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की धार्मिक पहचान को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि धार्मिक संस्थाओं और ट्रस्टों ने पूर्व संत–महापुरुषों द्वारा स्थापित संपत्तियों का स्वरूप बदलने अथवा उन्हें निजी स्वार्थ में बेचने का प्रयास किया, तो संत समाज इसके खिलाफ व्यापक जन आंदोलन छेड़ेगा। आवश्यकता पड़ने पर सरकार, मुख्यमंत्री और न्यायालय तक लड़ाई लड़ी जाएगी। महासचिव महंत रामेश्वर गिरी महाराज ने बताया कि शिवरात्रि महोत्सव की तैयारियों के दौरान मंदिर परिसर में साफ–सफाई का कार्य किया जा रहा था, तभी कुछ लोगों द्वारा कार्य में बाधा डालते हुए मार्ग अवरुद्ध किया गया और साधु–संतों के साथ मारपीट की गई। इसी घटना के विरोध में यह बैठक बुलाई गई। बैठक में संत समाज ने प्रशासन से मंदिर भूमि की विधिवत जांच, अतिक्रमण की निष्पक्ष पड़ताल और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों की गरिमा और सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। मौके पर महंत पूर्णानंद, महंत हरिदास, महंत धर्मदास, महंत निर्मल दास, स्वामी धरवीर, महंत हरीनरायणाचार्य, महंत श्रद्धा गिरि, महंत संध्या गिरी, महंत नित्यानंद गिरी, महंत विवेकानंद सरस्वती, महंत कृष्णानंद, महंत सुंदरानंद, महंत परमेश्वरानंद, महंत राजराजेश्वर गिरि, महंत सर्वेंद्र सिंह, महंत रविंद्र दास आदि उपस्थित रहे।

# आठ माह बाद भी धरातल पर नहीं उतरी सीएचसी नौगांव के विस्तारीकरण की सीएम घोषणा

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा के प्रथम पड़ाव पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव का विस्तारीकरण नहीं होने से क्षेत्रीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। आठ माह पहले मुख्यमंत्री की ओर से अस्पताल के विस्तारीकरण की घोषणा अब तक धरातल पर नहीं उतर पाई है।

इससे पूर्व भी सीएचसी के विस्तारीकरण की कई बार घोषणाएं हो चुकी है। अगस्त में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव के विस्तारीकरण के लिए 43 करोड़ की घोषणा की गई थी जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण, सहित नए वार्ड बनाए जाने थे। स्थानीय भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री की घोषणा को क्षेत्र हित में बताते हुए खूब वाहवाही लूटी थी लेकिन आठ माह बाद भी घोषणा के धरातल पर न उतरने से विपक्ष ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। जनपद के सबसे बड़े अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, नेत्र, ईएनटी, फिजिशियन, बाल रोग विशेषज्ञों के पद रिक्त है जिससे बिमार लोगों को इलाज के लिए डेढ़ सौ किमी दूर देहरादून की दौड़ लगानी पड़ रही है।

अस्पताल पर क्षेत्र के करीब एक सौ ग्राम पंचायतों की स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। वर्ष 1958 में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का 1987 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकरण हुआ था। उत्तराखंड बनने के बाद भी अस्पताल में न तो विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हो पाई और न ही अस्पताल का उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकरण हो पाया। कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश इन्दवाण का कहना है कि सरकार चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित सीएचसी नौगांव की सुध नहीं ले रही है। जनता कब तक असुविधाओं का रोना रोएंगे। अस्पताल के विस्तारीकरण के लिए की गई 43 करोड़ घोषणा कागजों में सिमट कर रह गई है। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीएस रावत का कहना है कि मामला अभी शासन स्तर पर है जिसमें समय लगेगा।

# विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा डोईवाला: गौरव चौधरी

ऋषिकेश। डोईवाला ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने बुधवार को राज्य वित्त आयोग की संस्तुति और अनुदान से नवनिर्मित मुख्य द्वार का लोकार्पण पूजा–अर्चना और रिबन काटकर किया। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास केवल सड़क, नाली और भवन निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि गांव की पहचान और सौंदर्यीकरण भी विकास का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विकास के संकल्प के साथ डोईवाला ब्लॉक आगे बढ़ रहा है। ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने कहा कि राज्य वित्त आयोग के माध्यम से बने इस द्वार से सिमलास ग्रांट को एक अलग पहचान मिलेगी और यह गांव की सांस्कृतिक छवि को मजबूत करेगा। डोईवाला ब्लॉक के सभी गांवों में योजनाओं का लाभ समान रूप से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। कहा कि आने वाले समय में अन्य विकास कार्यों को भी गति दी जाएगी। स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पंचायत के साथ मिलकर निरंतर प्रयास किए जाएंगे। सिमलास ग्रांट प्रधान सुषमा बोरा ने राज्य वित्त आयोग और ब्लॉक प्रमुख का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नए द्वार के निर्माण से गांव को नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि पंचायत



जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आगे भी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारेगी। मौके पर खंड विकास अधिकारी परशुराम सकलानी, ग्राम विकास अधिकारी मनजीत सिंह, पूर्व प्रधान उमेद बोरा, रफल सिंह, अर्जुन, राजन विपिन, रोमित आदि उपस्थित रहे।

